प्रेषक,

शालिनी विधेय,
सिविल जज (जू०डि०) एफ०टी०सी०,
कन्नौज।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद–कन्नौज।

विषयः गृह जनपद के समीप अन्य जिले में स्थानान्तरण किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थिनी का चयन माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक संख्या–2004/Admin.(Services)/2018 दिनांकित 05.07.2018 के अनुपालन में जनपद कन्नौज में सिविल जज (जू०डि०), कन्नौज के पद पर हुआ था, जिसके अनुक्रम में प्रार्थिनी द्वारा दिनांक 12.07.2018 को जनपद कन्नौज में अपर सिविल जज (जू०डि०), कक्ष संख्या–03, कन्नौज का पदभार ग्रहण किया।

प्रार्थिनी की यह प्रथम नियुक्ति है और प्रार्थिनी का गृह जनपद मेरठ है। प्रार्थिनी की नियुक्ति की जगह से प्रार्थिनी के गृह जनपद की दूरी 450 किलोमीटर से अधिक है। प्रार्थिनी के पिता डायाबेटिक रेटिनोपेथी एवं ग्लौकोमा जैसी आंखो की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। जिसका उपचार वर्ष 2012 से दिल्ली में चल रहा है। अतः उन्हें नियमित रूप से दिल्ली जाना पड़ता है। मेरे एक भाई व एक बहन है जो घर से काफी अधिक दूरी पर अन्य राज्यों में प्राइवेट नौकरी करते हैं एवं मेरी माता भी अकेले उपचार कराने में असमर्थ हैं। अतः मेरे माता पिता की देखभाल की ज़िम्मेदारी मुझ पर है एवं उनकी देखभाल हेतु कोई अन्य उपलब्ध नहीं है, जिस कारण मुझे आये दिन अवकाश लेकर अपने पिता के चिकित्सीय उपचार कराने हेतु अपने गृह जनपद जाना पड़ता है। प्रार्थिनी के गृह जनपद की दूरी उसके नियुक्ति के स्थान से अधिक होने एवं कार्य व्यस्तता होने के कारण मेरा साप्ताहिक रूप से अपने गृह जनपद जाना संभव नहीं हो पाता है, जिस कारण नियमित रूप से चिकित्सीय उपचार कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुये माननीय महोदय से निवेदन है कि मेरी नियुक्ति मेरे गृह जनपद के निकट किसी अन्य जनपद में करने हेतु मेरा स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र सहानभूति पूर्वक विचार करने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें । आपकी महान कृपा होगी।

सादर।

दिनांकः20.09.2019

भवदीया,

Shalini 20/9/19

(शालिनी विधेय)
सिविल जज (जू०डि०) एफ०टी०सी०,
कन्नौज।

संलग्नकः चिकित्सकीय प्रपत्र

कार्यालय जनपद न्यायाधीश
पत्रांक 2912/I दिनांक 23/09-19
अग्रसारित
23.09.2019
जनपद न्यायाधीश
कन्नौज